Roll No. ....

21011

B. A. (Pass Course & Vocational) 2nd Sem.

Examination – May, 2019

HINDI (Compulsory)

Paper : P-II

Time : Three hours] ***[Maximum Marks : 80***

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

downloaded from StudentSuvidha.com

नोट : निम्नलिखित ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं ***दो*** की सप्रसंग व्याख्या करें : 6 × 2 = 12

(क) पुरुषों ने स्त्रियों को अपनी पशु-सम्पत्ति समझकर उन पर अत्याचार करने का अभ्यास बना लिया है, वह मेरे साथ नहीं चल सकता। यदि तुम मेरी रक्षा नहीं कर सकते, अपने कुल की मर्यादा, नारी का गौरव नहीं बचा सकते, तो मुझे बेच भी नहीं सकते हो।

(ख) मैं अपनी रक्षा स्वयं करूँगी ! मैं उपहार में देने की वस्तु शीतल-मणि नहीं हूँ। मुझमें रक्त की तरल लालिमा है। मेरा हृदय उष्ण है और उसमें आत्मसम्मान की ज्योति है।

(ग) प्रणय, प्रेम; जब सामने से आते हुए तीव्र आलोक की तरह आँखों में प्रकाश-पुँज उड़ेल देता है, तब सामने की सब वस्तुएँ और भी अस्पष्ट हो जाती हैं। अपनी ओर से कोई भी प्रकाश किरण नहीं। तब वही, केवल वही।

(घ) राजनीति की साधारण छलनाओं से सफलता प्राप्त करके क्षणभर के लिए तुम अपने को चतुर समझने की भूल कर सकते हो, परंतु इस भीषण संसार में एक प्रेम करने वाले हृदय को खो देना, सबसे बड़ी हानि है।

2. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर दें : 8

(i) ध्रुवस्वामिनी नाटक के आधार पर ध्रुवस्वामिनी का चरित्र-चित्रण करें।

(ii) प्रसाद की नाट्यकला पर प्रकाश डालें।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए – 4 × 4 = 16

(i) रामगुप्त का चरित्र-चित्रण कीजिये।

(ii) ध्रुवस्वामिनी नाटक की भाषा पर प्रकाश डालें।

(iii) शिखर स्वामी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

(iv) ध्रुवस्वामिनी नाटक के उद्देश्य पर अपने विचार व्यक्त करें।

(v) ध्रुवस्वामिनी में निहित नारी स्वातंत्र्य पर प्रकाश डालें।

(vi) ध्रुवस्वामिनी नाटक के नामकरण पर अपने विचार व्यक्त करें।

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
8 ×

(i) कृष्णकाव्य की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।

(ii) भक्तिकाल को किन विशिष्टताओं के कारण स्
कहा जाता है ?

(iii) सूफी काव्य परंपरा पर अपने विचार व्यक्त करें।

(iv) भक्तिकालीन परिस्थितियों का वर्णन करें।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर 150
दीजिए – 5 ×

(i) कबीर के समाज सुधारक रूप का वर्णन करें।

(ii) तुलसीदास ने राम के सगुण रूप का वर्णन किया
सिद्ध करें।

(iii) सूरदास के विरह वर्णन पर प्रकाश डालें।

(iv) सूफीकाव्य में जायसी के योगदान को स्पष्ट करें।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
5 × 2

(i) हिन्दी वर्णमाला में स्वर और व्यंजन की आवश्यकत
प्रकाश डालें।

(ii) मानक भाषा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालें।

(iii) बोली और राष्ट्रभाषा के अंतर को स्पष्ट करें।

(iv) मुहावरे और लोकोक्तियों से आप क्या समझते हैं ?

7. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 8 × 1 = 8

(i) हिन्दी वर्णमाला में कितने स्वर हैं ?

(ii) सूरदास की दो रचनाओं के नाम बतायें।

(iii) कवितावली के रचयिता का नाम बतायें।

(iv) हिन्दी वर्णमाला में कितने व्यंजन हैं ?

(v) ध्रुवस्वामिनी का रचनाकाल बतायें।

(vi) ध्रुवस्वामिनी के प्रेमी का नाम बतायें।

(vii) लोकोक्ति का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(viii) कबीरदास का जन्म कहाँ हुआ था ?

StudentSuvidha.com
downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com